‘उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ अध्यापन पर फोकस करें शिक्षक’

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में आयोजित तीन दिवसीय लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम का शनिवार को समापन हो गया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा, शिक्षक उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ अध्यापन पर फोकस करें।

जिससे छात्रहित में भी उत्कृष्टता आए। विवि के एकेडमिक स्टाफ डेवलपमेंट सेंटर की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में विवि से संबद्ध संस्थानों के निदेशकों ने हिस्सा लिया।

तीन दिवसीय लीडरशिप प्रोग्राम में हर दिन पांच-पांच सत्र आयोजित कर उच्च शिक्षण संस्थानों के स्ट्रैटजिक विजन व प्लानिंग, उच्च शिक्षण संस्थानों क्राइसिस मैनेजमेंट, पर्सनल डेवलपमेंट आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रो. कृपा शंकर, संजीव चोपड़ा, प्रो. डॉ. राजेश भट्ट, प्रो. पीआर अग्रवाल, प्रो. केपी सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद